Register Number | | | | | |

Language — Part I — HINDI — Paper II

Time Allowed : 3 Hours] [Maximum Marks : 80

I. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **तीन सौ** शब्दों में **एक** निबन्ध लिखिए : 1 × 15 = 15

1) ग्राम सुधार

2) रक्त दान

3) समाचार पत्र

4) व्यायाम का महत्व ।

II. निम्नलिखित में से किसी **एक** कहानी का सारांश लगभग **तीन सौ** शब्दों में लिखिए : 1 × 15 = 15

5) बड़े घर की बेटी

6) एक भिखारी का दान

7) चीफ की दावत

8) अकेली ।

III. पत्र लेखन : 1 × 10 = 10

9) अपने पुस्तकालय के लिये कुछ उपयोगी किताबें माँगते हुए किसी पुस्तक विक्रेता को एक पत्र लिखिए ।

अथवा

0) अपने विद्यालय में मनाये गये वार्षिकोत्सव के बारे में अपने विदेशी मित्र को एक पत्र लिखिए ।

IV. 11) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5 × 2 = 10

काफी समय से शिक्षा मनोवैज्ञानिकों में यह विवाद चल रहा है कि दंड बच्चे के शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक है या नहीं ? दंड देना उचित है या नहीं ? इस विषय में शिक्षा शास्त्रियों की राय बंटी हुई है । प्रसिद्ध शिक्षा मनोवैज्ञानिक जे० एस० मेकेंजी का मानना है कि शिक्षा का अभिप्राय

[Turn over

व्यक्ति के अन्दर विद्यमान शक्तियों के विकास और उन्नति के लिये चेतनापूर्वक किये गये किसी भी प्रयास से हो सकता है । अनुशासन बनाये रखने के लिये दंड उचित है । बड़े नियंत्रण के अभाव में बालक शिक्षक व अन्य छात्रों के प्रति अनुचित व्यवहार कर सकता है ।

शिक्षाशास्त्री कहते हैं — सजा बच्चों को कुंठित करती है । बच्चों पर कड़ा नियंत्रण, उनमें मानसिक रोगों को जन्म दे सकता है ।

अ) विवाद का विषय क्या है ?

आ) मेकेंजी का विचार क्या है ?

इ) दंड देने के बारे में क्या बताया गया है ?

ई) बच्चों के मानसिक रोग का कारण क्या है ?

उ) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ।

V. 12) संधि कीजिए : 5 × 1 = 5

अ) शिव + आलय

आ) एक + एक

इ) सु + अल्प

ई) जगत् + नाथ

उ) निः + धन ।

13) निम्नलिखित का सन्धि-विच्छेद कीजिए : 5 × 1 = 5

अ) नरेश

आ) सदैव

इ) स्वागत

ई) रामायण

उ) मनोरथ ।

VI. 14) समास-विग्रह करके नाम बताइए : 5 × 1 = 5

अ) रसोईघर

आ) आजन्म

इ) ऊँच-नीच

ई) चौमासा

उ) दशानन ।

VII. 15) निम्न निर्देशानुसार वाक्य बदलकर लिखिए : 5 × 2 = 10

अ) श्याम ने कृष्ण को मारा ।

(भविष्यत काल में लिखिए)

आ) हम परिश्रम करना चाहिए ।

(शुद्ध कीजिए)

इ) वे पाठ पढ़ते हैं ।

(सामान्य भूतकाल में लिखिए)

ई) विमल रोटी बनाता है ।

(वाच्य बदलिए)

उ) राजाजी खूब भाषण देते थे ।

(तात्कालिक वर्तमान में बदलिए)

VIII. 16) निम्न में से किन्हीं **दस** के हिन्दी पर्याय लिखिए : $10 \times \frac{1}{2} = 5$

1) Parliament
2) Income-tax
3) Secretary
4) Institute
5) Education
6) Account
7) Vice-Chancellor
8) Assembly
9) Mark
10) Budget
11) Telephone
12) Circular
13) Post Office
14) Capital
15) Governor